भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2138**
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 05 अगस्त, 2024
14 श्रावण 1946 (शक)

**उत्तर कन्नड़ में स्मारक**

**2138. श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) उत्तर कन्नड जिले में पुरातत्व विभाग के अंतर्गत स्मारकों के रूप में चिन्हित स्थानों की संख्या कितनी है और वे कहां-कहां स्थित हैं;
(ख) सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान इन स्मारकों के सुधार के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या कर्नाटक राज्य के उत्तर कन्नड़ जिले में इसी सूची के अंतर्गत आने वाले महत्वहीन स्थानों को रद्द करने का कोई प्रस्ताव है?

**उत्तर**
**संस्कृति और पर्यटन मंत्री**
**(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): कर्नाटक के उत्तर कन्नड जिले में 32 प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित हैं। सूची **अनुबंध-I** में है।

(ख): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण नियमित आधार पर स्मारकों का संरक्षण, परिरक्षण और अनुरक्षण करता है जिसमें संरचनात्मक संरक्षण, अंडरपिनिंग, फिल्लिटिंग, प्वाइंटिंग, प्लास्टरिंग, वाटर टाइटनिंग आदि जैसे छोटी मरम्मत के कार्य शामिल हैं जो नियमित कार्यकलाप हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान इन स्मारकों पर किया गया व्यय निम्नानुसार है:

| वर्ष | व्यय (राशि लाख में) |
|---|---|
| 2021-22 | 94.45 |
| 2022-23 | 90.43 |
| 2023-24 | 129.20 |

(ग): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

**अनुबंध**

लोक सभा में दिनांक 05.08.2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2138 के भाग (क) उत्तर में संदर्भित अनुबंध

उत्तर कन्नड़ जिले में धारवाड़ मंडल के अधिकारक्षेत्र के अधीन केंद्रीय संरक्षित स्मारकों/स्थलों की सूची

| क्र.सं. | स्मारक का नाम | स्थान | जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | मार्कण्डेश्वर मंदिर में शिलालेख | बैलूर | उत्तर कन्नड़ |
| 2. | मधुकेश्वर मंदिर  परिसर के दक्षिण दिशा में एक छोटे  कक्ष में मौजूद पत्थर से बनी नक्काशीदार शयन-पीठ | बनवासी | उत्तर कन्नड़ |
| 3. | मधुकेश्वर मंदिर | बनवासी | उत्तर कन्नड़ |
| 4. | मधुकेश्वर मंदिर में शिलालेख | बनवासी | उत्तर कन्नड़ |
| 5. | पत्थर ( विरागल्स ) | बेदकनी | उत्तर कन्नड़ |
| 6. | अडके नारायण देवस्थान और 2 अन्य<br>( i ) विरुपक्ष देवस्थान<br>(ii) वेंकटरमण देवस्थान | भटकल | उत्तर कन्नड़ |
| 7. | जट्टप्पा नाइकन चंद्र नाथेश्वर बस्ती | भटकल | उत्तर कन्नड़ |
| 8. | जोशी शकर नारायण देवस्थान | भटकल | उत्तर कन्नड़ |
| 9. | केटपाई नारायण देवस्थान | भटकल | उत्तर कन्नड़ |
| 10. | लाकर्स कामती नारायण देवस्थान | भटकल | उत्तर कन्नड़ |
| 11. | नरसिंह देवस्थान | भटकल | उत्तर कन्नड़ |
| 12. | परसनाथेश्वर बस्ती | भटकल | उत्तर कन्नड़ |
| 13. | रघुनाथ देवस्थान | भटकल | उत्तर कन्नड़ |
| 14. | संतप्पा नायक तिरुमल देवस्थान | भटकल | उत्तर कन्नड़ |
| 15. | तीन यूरोपीय कब्रें | भटकल | उत्तर कन्नड़ |
| 16. | शिलालेख | बिल्गी | उत्तर कन्नड़ |
| 17. | पार्श्वनाथ की जैन बस्ती | बिल्गी | उत्तर कन्नड़ |
| 18. | नदी के पूर्व में शिव को समर्पित एक छोटा सा निर्जन मंदिर | बिल्गी | उत्तर कन्नड़ |
| 19. | विरुपक्ष मंदिर | बिल्गी | उत्तर कन्नड़ |
| 20. | वीरभद्रस्वामी मंदिर, मूर्तियों और उत्कीर्ण स्तंभों सहित, ग्रामतना के भाग में , सर्वेक्षण संख्या 76/1,76/2,76/3,76/4 और सर्वेक्षण संख्या 1,2 के भाग में स्थित है | गुडनापुर | उत्तर कन्नड़ |
| 21. | बस्ती चन्द्रनाथ देवा | हडवल्ली | उत्तर कन्नड़ |
| 22. | ग्रामदेवता के मंदिर के पास नक्काशीदार पत्थर | होसुर | उत्तर कन्नड़ |
| 23. | इंग्लिश स्कूल के सामने बाघ की आकृति | कुमटा | उत्तर कन्नड़ |
| 24. | मनकी कुमटा रोड के दाहिनी ओर कब्रें | कुमटा | उत्तर कन्नड़ |
| 25. | किला | मिरजान | उत्तर कन्नड़ |
| 26. | चतुर्मुख बस्ती | नागरबस्ती केरी या गेरसप्पा | उत्तर कन्नड़ |
| 27. | शिलालेख | नागरबस्ती केरी या गेरसप्पा | उत्तर कन्नड़ |
| 28. | वर्धमान स्वामी मंदिर | नागरबस्ती केरी या गेरसप्पा | उत्तर कन्नड़ |
| 29. | वीरभद्र मंदिर | नागरबस्ती केरी या गेरसप्पा | उत्तर कन्नड़ |
| 30. | शिव मंदिर, सोमसागर | सोमसागर मसीगडे | उत्तर कन्नड़ |
| 31. | राजा की सीट | सोंडा | उत्तर कन्नड़ |
| 32. | सोंडा में राजा की सीट के पास और उसके दक्षिण में स्थित मंदिर | सोंडा | उत्तर कन्नड़ |

*****